20/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान आज शाम संपन्न हो गया। कुल मिलाकर सत्तावन दशमलव तीन पांच फीसदी मतदान दर्ज किया गया. इस चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में फैले उनतालीस संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को शामिल किया गया। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीटें शामिल हैं। इस चरण में छह सौ निन्यानबे उम्मीदवार मैदान में थे। इस चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हुआ उनमें बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल और स्मृति ईरानी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केएल शर्मा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और एलजेपी (रामविलास) के चिराग पासवान शामिल हैं। ओडिशा में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की पैतीस सीटों पर भी मतदान हुआ

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि दुख की घड़ी में भारत ईरान के साथ है। पीएम मोदी ने ईरानी नेता के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के प्रमुख पीर-होसैन कोलीवंद ने घोषणा की कि दुर्घटना में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के हेलीकॉप्टर के सभी यात्रियों और चालक दल के मारे जाने की आशंका है।

राष्ट्रपति रायसी कई अन्य लोगों के साथ अज़रबैजान गणराज्य के साथ ईरान की सीमा पर एक बांध का उद्घाटन करने के बाद लौट रहे थे जब उनका हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने ओमांग दोदुम को पंजाब एफ सी के लिए गोल्डन बूथ अवार्ड जीतने पर बधाई दी है। ओमांग दोदुम ने रिलाईंस फाउंडेशन डेवलॉपमेंट लीग में शानदार चौदह गोल दागे। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए श्री खांडू ने हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि “आप आकांक्षी फूटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है” अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट बने और भविष्य की सफलता के लिए आपको शुभकामनाए। मुंबई में खेले गए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के फाईनल में ओमांग दोदुम की टीम पंजाब एफ सी ने ईस्ट बंगाल एफ सी को तीन - दो से जीतकर RFDL का खिताब जीता।

000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश इंडिजिनियश ट्राईब्स के सभी शीर्ष समुदाय आधारित संगठन AITF ने रविवार को हाल के मतदान में मतदाताओं को लुभाने के लिए कथित तौर पर राजनीतिक दलो द्वारा बड़े पैमाने पर पैसे दिए जाने को लेकर रोष प्रकट किया। AITF अध्यक्ष डॉ बेंगिया तोलुम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य के बेहतर कल के लिए AITF द्वारा साफ चुनाव अभियान दो हजार चौबीस चलाए जाने के बावजूद उम्मीदवारों ने बड़े पैमाने पर मतदाताओं को लुभाने के लिए पैसे बांटे। AITF ने कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति राज्य के लोगों को भ्रष्टचार की ओर धकेल रहे है। AITF ने आशंका जताई कि ऐसे में नेता किस तरह से राज्य के विकास के लिए खुद को समर्पित करेंगे।

0000000000000000000000

कान्स फेस्टिवल माशे डू फिल्म के अंतर्गत अरुणाचली फिचर फिल्म सांगी गाई को कल कान्स के 77 रु फेलिक्स फ़ोरे में स्क्रिन्ड किया गया। अलिसन वैली बाखा के द्वारा निर्मित और न्यागो एते के निर्देशन और हाली वेली के क्रिएटिव प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म ने दर्शको के दिमाग और दिल को मोह लिया। फिल्म में पूर्वोत्तर भारत के अनोखी और जीवंत संस्कृति को दिखाई गई है। फिल्म के निर्माता अलिसन वेली ने अपार प्रसन्नता जताते हुए कहा कि कान्स में सांगी गाई पर मिली प्रतिक्रिया पर वे काफी खुश है और उन्होंने कहा कि कान्स जैसी प्रतिष्ठित मंच पर पूर्वोत्तर भारत के समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री को साझा करना गर्व की बात है।

00000000000000000000

सियांग जिले के गासेंग गांव में शनिवार की रात को एक भयंकर आग दुर्घटना में चार घर जलकर नष्ट हो गया है। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के वक्त घर पर कोई मौजूद नहीं था। आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चला है।

0000000 000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के वेटेरन रैली रेसर लाकपा सेरिंग ने केरेला के अनुभवी नेविगेटर मूशा शेरिफ के साथ साझेदारी करते हुए अंतर्राष्ट्रीय रैली में पहली बार प्रवेश किया। दोनो ने विलक्षण कौशल और धर्य का प्रदर्शन करते हुए एक्स्ट्रिम टी-1 केटेगरी में छठा स्थान हासिल किया। भारत, अस्ट्रेलिया, जापान और थाईलेंड से उन्नीस एन्ट्रीस में दोनो ने छठा स्थान हासिल किया वहीं थाईलेंड रैली रेड चेंपियनशिप दो हजार चौबीस में कुल मिलाकर बारहवें स्थान पर दोनो ने अपना स्थान बनाया। बताते चले कि गत अट्ठारह और उन्नीस मई को थाईलेंड के लोबपुरी प्रांत में राऊंड 2 का आयोजन किया गया था।

000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार का सबसे बड़ा ध्यान शासन पर रहा है। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में मोदी ने कहा कि सरकार ने रेलवे का आधुनिकीकरण किया है और बुनियादी ढांचा तैयार किया है। उन्होंने 'जन हितैषी, सुशासन' के मंत्र पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत औद्योगिक क्रांति के शुरुआती चरण में है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कृषि को व्यवहार्य बनाने के लिए विकेंद्रीकृत औद्योगीकरण नेटवर्क महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा कि जब दायरा, पैमाना, गति और कौशल मिलते हैं तो देश बहुत कुछ हासिल कर सकता है। केंद्र-राज्य संबंधों पर एक प्रश्न में, मोदी ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धी और सहकारी संघवाद में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में दुनिया का नेतृत्व करेगा

000000000000000000000000000